दिन—रविवार दिनांक— 01 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

---

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस का बजट संसद में पेश किया। यह उनका रिकॉर्ड नौवां बजट है। बजट दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित बनाने और सबका साथ, सबका विकास की परिकल्पना के अनुरूप है। बजट में आयकर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। संशोधित आयकर रिटर्न की समयसीमा बढ़ाकर इकतीस मार्च कर दी गयी है। वित्त मंत्री ने छह सेक्टर में नई पहल का प्रस्ताव किया। इनमें रणनीतिक क्षेत्रों में विनिर्माण तेज करना, औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम चौंपियन उद्यमों का निर्माण करना, बुनियादी ढांचे को सशक्त करना, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करना तथा शहर आर्थिक क्षेत्र विकसित करना शामिल हैं। रेलवे की क्षमता को बढ़ाने के लिए दिल्ली, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, बेंगलुरू, चेन्नई, वाराणसी और सिलिगुड़ी में सात हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा की गयी है। बजट में कैंसर से पीड़ित मरीजों को राहत देने के लिए सत्रह दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी पर छूट देने का प्रस्ताव किया गया है।

——————————————————————

वित्त मंत्री ने कपड़ा सेक्टर के लिए एकीकृत कार्यक्रम का प्रस्ताव किया। इसके अलावा मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने तथा खादीए हथकरघा और हस्तशिल्प की मजबूती के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना के शुभारंभ का प्रस्ताव किया है। अंतरर्देशीय जलमार्ग की जरूरतें पूरी करने के लिए बनारस और पटना में जहाज मरम्मत केन्द्र स्थापित किया जाएगा। बिजली, इस्पात, सीमेंट, रिफाइनरी और रसायन सेक्टर में कार्बन उपयोग और भंडारण के लिए शुरू की गई कार्य योजना के अनुरूप इस कार्य में और तेजी लाने के लिए अगले पांच वर्ष बीस हजार करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव किया गया है। परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए आवश्यक वस्तुओं के आयात पर वर्तमान सीमा शुल्क छूट वर्ष दो हजार पैंतीस तक बढ़ाई जा रही है। रक्षा क्षेत्र में उपयोग होने वाले विमानों की मरम्मत और ओवर हॉलिंग के कल—पुर्जों के लिए आयातित कच्चे माल पर सीमा शुल्क पर भी छूट दी गई है।

——————————————————————

केंद्रीय बजट में बिहार के लिए भी कई घोषणाएं की गयी हैं। इसमें पटना में जहाज मरम्मत केंद्र, नये एक्सप्रेस–वे और गंगा जलमार्ग विकास प्रमुख हैं। इसके अलावा, वाराणसी–सिलिगुड़ी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बिहार से होकर गुजरेगा। इससे राज्य में कनेक्टिवटी बढ़ाने, व्यापार सुलभ करने और उद्योगों के विकास में फायदा होगा। बजट में पटना को पूर्वी भारत के ट्रांसपोर्ट और औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस बजट से बिहार सहित पूरे देश में विकास परियोजनाओं को तेजी मिलेगी। श्री चौधरी ने बजट में बिहार को सुविधा प्रदान करने के लिए धन्यवाद भी दिया। वहीं, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि यह बजट विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार करने वाला बजट है।

——————————————————

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार के साथ बजट पर विशेष चर्चा आज शाम चार बजे से आकाशवाणी पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश से प्रसारित किया जाएगा।

——————————————————

आज संत रविदास की जयंती है। संत रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन बनारस में हुआ था। वे चौदहवीं सदी के महान संत और कवयित्री मीराबाई के गुरु थे। उन्होंने जाति का भेदभाव मिटाकर लोगों को एकजुट करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उनकी जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन्, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के पोखराहाँ गांव में संत गुरु रविदास जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।

——————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।